# एकल नारी शक्ति संस्थान राजस्थान

## वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25










-: सम्पर्क व पता :-

क्षेत्रीय कार्यालय : 3-पीपल्दा हाऊस, राजभवन रोड़,

सिविल लाईन, कोटा (राज.) 324001 फोन : 0744-2450726

Email: ensskota@gmail.com, enssrajasthan@gmail.com Website: www.ekalnari.org

# अनुक्रमणिका


| क्र0सं. | विवरण | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1- | आवरण पेज | 1 |
| 2- | अनुक्रमणिका | 2 |
| 3- | शुभकामना सन्देश –अध्यक्ष व सचिव | 3 |
| 4- | पृष्ठभूमि व एकल महिलाओं के प्रति सोच | 4 |
| 5- | विजन, मिशन, उद्देश्य व संस्थान कार्यक्षेत्र | 5 |
| 6- | गतिविधियॉ – नियमित बैठके | 6-7 |
| 7- | केस स्टडी –1. जागरुक होगे तभी.... 2. कही कोई अकेलेपन का 3. भ्रष्टाचार पर हल्ला बोल | 8-10 |
| 8- | क्षमतावर्धन प्रशिक्षण | 11 |
| 9- | विशेष गतिविधियॉ – 1. बहिनादूज जश्न 2. अर्न्तराष्ट्रीय विधवा दिवस 3. बच्चो पर होती यौनिक हिंसा छेड़छाड..... | 12-15 |
| 10- | महिला किसान जागरुकता कार्यक्रम | 16 |
| 11- | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | 17 |
| 12- | केस स्टडी – पितृसत्तात्मक सोच बदलती एकल महिलाऐ | 18-19 |
| 13- | संस्थान का ढांचा, प्रशासन व क्रियान्वयन | 20-21 |
| 14- | उपलब्धियॉ | 22-23 |
| 15- | वार्षिक कार्य आंकडे | 24-29 |
| 16- | चुनौतियॉ | 29 |
| 17- | आडिट रिर्पोट 2024–25 | 30-31 |
| 18- | हमारे दानदाता | 31 |
| 19- | कार्यक्षेत्र पंचायत/ब्लाक/जिला सूची | 32-34 |
| 20- | मिडिया कवरेज | 35-36 |

# शुभकामना व धन्यवाद् सन्देश .......

साथियों, नमस्कार

सभी को एकल नारी शक्ति संस्थान की और से बहुत–बहुत शुभकामनाऐं

हम आपके साथ हमारी संस्थान द्वारा एकल महिलाओं के साथ मिलकर 2024–25 मे किये गये कार्यो को इस प्रतिवेदन के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे है। क्योंकि इस संस्था से जुड़ी लाखों गरीब एकल महिलाओं की शक्ति, साहस, संघर्ष और बदलाव को शब्दो व चित्रों मे उकेरना व प्रस्तुत करना बडा ही चुनौतिपूर्ण है। इसलिए हम केवल प्रस्तुती का प्रयास ही कर सकते है। यह एकल महिलाऐं वह एकल महिलाऐं जिन्हें समाज की सोच मे अबला, बेचारी, एकल नारी समझा जाता रहा है। लेकिन अब यह महिलाऐं यह तस्वीर बदल रही है संस्थान के 23 वर्ष व संगठन के 26 वर्ष के सफर से बदलाव की लहर नजर आ रही है।

इस सफर मे सभी एकल महिला सदस्य, एकल महिला लीडर्स, आंशिक व पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रशासनिक टीम, सहयोगी संस्था/संगठन व दानदाता संस्थाओ का बहुत ही सराहनीय सहयोग व योगदान रहा। इन सभी के प्रयासों से ही हम इस बदलाव की लहर मे निरन्तर आगे बढा पा रहे है। इसके लिए हम आपके तहेदिल से आभारी है। और आशा करते है कि आपका साथ व सहयोग हमेंशा हमारें साथ बना रहेगा।

धन्यवाद् मंगल शुमकामनाओं के साथ.......

मंशा देवी
सचिव
मंशा देवी

विष्णु कंवर
अध्यक्ष
विष्णु कंवर






# एकल नारी शक्ति संस्थान – राजस्थान

## वार्षिक प्रतिवेदन 2024–2025

## संस्थान की पृष्ठभूमि –

भारत मे 1990 के दशक मे डा. मार्था आल्टर चेन के शोध *“Perpetual Mourning”* ने भारत की विधवाओं की समाज मे क्या स्थिति है यह उजागर किया कि –लाखों विधवाऐं बिना किसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिना सामाजिक सम्मान, बिना सम्पत्ति के अधिकार के कुरितियों मे जकड़े हुऐ अपना जीवन व्यापन कर रही है। इस स्टडी मे दिखाया कि कैसे पितृसत्तात्मक सोच ने इन महिलाओं को हाशिऐ पर धकेल दिया है। ऐंसे मे आस्था संस्थान की डा. जीनी श्रीवास्तव ने इस स्थिति को बदलने का संकल्प लिया। लोगों व महिलाओं की शक्ति मे विश्वास के साथ 16–19 नवम्बर, 1999 मे जयपुर के बस्सी कस्बे मे 21 जिलो की 450 विधवाओं का चार दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसने आगे चलकर एकल नारी शक्ति संगठन की नींव रखी।

यह संगठन की शुरुआत भले ही विधवा महिलाओं से हुई हो लेकिन जैसे–जैसे कारवां बढ़ा अन्य एकल महिलाऐ जैसे – तलाकशुदा, परित्यागता, उम्र दराज अविवाहित, पति लापता, पति आजीवन कारावास मे है या ऐसी महिलाऐं जिनके पति किसी गंभीर बिमारी से ग्रस्त है और महिला घर की मुखिया महिलाऐ इस संगठन का हिस्सा बनती चली गई।

इसी पहल के साथ एकल महिला नेतृत्वकर्ताओ ने अप्रेल 2002 मे ‘‘एकल नारी शक्ति संस्थान’’ रजिस्टर्ड सोसायटी का गठन किया, जो कि आज पूरी तरह से गरीब एकल महिलाओ के नेतृत्व मे ही चल रही है। आज यह संस्थान राजस्थान के 29 जिलो के 92 ब्लाक 470 पंचायतों मे एक लाख से अधिक एकल महिलाओं के साथ जुडकर उनके साथ परस्तपर एक दूसरें के सहयोंग से उनकी समस्या समाधान, सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है।

## एकल महिलाओं से जुड़ी समाज की आम सोच –

दुनिया तो मर्दो की है ? और बिना मर्द के क्या किसी औरत की जिन्दगी होती है?
तो फिर ऐसी औरत की क्या पहचान है ?

समाज मे हमेशा औरत के अस्तित्व को किसी मर्द से जोड़कर देखा है। यदि किसी औरत के साथ उसका पति नही होता, तो समाज की नजर मे उस औरत की छवि और मूल्य तुरन्त बदल जाते है। हमारे समाज मे पितृसत्तात्मक सोंच गहराई से जमी हुई है। कि एकल महिलाऐं कमजोर, लाचार, अबला, दया योग्य व शोषण योग्य होती है। पुरुष प्रधान समाज ने ऐसी अकेली औरतो को सदियों से सामाजिक बुराईयों और रुढ़ीवादी परम्पराओं की बेडियों मे बांध रखा है, ताकि वे इन बंधनो को तोडकर अपने अधिकारों और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए आवाज न उठा सके।
लेकिन 1999 मे एकल महिलाओं की एकजुटता संगठित होने की पहल उनकी शक्ति, साहस व संघर्ष ने साबित कर दिया कि ‘‘एकल महिलाऐं एकल है लेकिन कमजोर नही है’’, आवश्यकता है तो केवल उन्हें एक मौका देने की वह दुनिया बदल सकती है। और यह मौका अब उन्हें संस्थान दे रही है। उनकी शक्ति को बाहर ला रही है।

# हमारा विजन, मिशन व उद्देश्य

## (Our Vision ) दृष्टिकोण

एक ऐसे समाज –जहॉ सभी धर्म, जाति, समुदाय, वर्ग और आयु की एकल महिलाऐ सशक्त नागरिक के रुप मे जीवन जी सके। जहॉ वे अपने कानूनी, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारो का पूरा आनन्द लें –आत्मविश्वास, गरिमा और स्वतन्त्रता के साथ, एक ऐसा समाज, जहॉ हर एकल महिला स्वयं पर गर्व करे ओर अपनी पहचान से चमके।

## मिशन (Our Mission )

सभी जाति, धर्म, आयु, वर्ग और समुदायों की एकल महिलाऐं आपसी सहयोग और एकजुटता के माध्यम से अपने जीवन मे सुधार लाऍ, सशक्त नागरिक बनें, और अन्य वंचित बर्गो के साथ मिलकर एक समतामूलक ओर न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करे।

## उद्देश्य

सभी समाज की निम्न–आय वर्ग की एकल महिलाओं को इस प्रकार सक्षम व सशक्त बनाना कि वे सामूहिक रुप से अपने सामाजिक, मानसिक, आर्थिक, पारम्परिक और सांस्कृतिक स्तर में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। इस प्रकार वे सशक्त नागरिक बनकर गरिमापूर्ण जीवन जी सके और अपने साहस एंव दृढ़ता के बल पर स्वयं मे तथा समाज मे परिवर्तन ला सके।

## कार्यक्षेत्र जिला, ब्लाक, ग्राम पंचायत व पहुॅच इस वर्ष बैठको कार्यक्रम मे भागीदारी

| जिला | ब्लाक | ग्राम पंचायत | पहुॅच | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 29 | 92 | 470 | 65669 एकल महिला<br>13249 सदवा महिला<br>3508 जनप्रतिनिधी<br>1021 पुरुष | इस वर्ष ग्राम पंचायत बैठके 5640 होनी थी लेकिन बारिश व खेती के कारण 5050 हुई |
| 29 | 92 | 470 | 83,447 | कुल |

# इस वर्ष की गतिविधियाँ व कार्यक्रम

## पंचायतों मे नियमित मासिक बैठके

एकल नारी शक्ति संस्थान कार्यक्षेत्र की 29 जिलो के 92 ब्लाक की 470 ग्राम पंचायतो मे एकल महिला मासिक बैठके आयोजित की गई। जिसमें **83,447** एकल महिला, अन्य महिला, पुरुष, जनप्रतिनिधि व सरकारी विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक मे प्रतिमाह एकल महिलाओं के मुद्दे, जैसे – सामाजिक सुरक्षा योजना मे लाभ मिल रहा या नही, खाद्य सुरक्षा, नरेगा, महिला हिंसा, ग्रामसभाओ मे भागीदारी, भ्रष्टाचार, एकल महिला नेतृत्व, बच्चो पर होने वाली हिंसा व क्षेत्रीय सामूहिक मुद्दों पर चर्चा कर सामूहिक रुप से मिलकर समस्या समाधान पर कार्य किया जाता है।









एकल नारी भी इंसान है हमारें हक हमारी पहचान है।

# कार्यकारिणी सदस्य बैठके




संस्थान कार्यकारिणी सदस्य बैठक मे चर्चा करते सदस्य व पदाधिकारी

| क्र.सं. | बैठक की तारीख | स्थान | संभागी |
|---|---|---|---|
| 1. | 09..08.2024 | श्रीकल्याण होटल, कोटा | 11 |
| 2. | 29.11.2024 | आस्था प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर | 10 |
| 3. | 23.03.2025 | आस्था प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर | 8 |

# राज्य स्तरीय एकल महिला नेतृत्वकर्ता बैठके

राज्य स्तरीय एकल महिला नेतृत्वकर्ता बैठके वर्ष मे तीन बार आयोजित की जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण कमेटी है। एकल महिलाओं के कार्य को दिशा व मार्गदर्शन देने का कार्य करती है। इस बैठक मे प्रति चार माह मे जिलेवार रिर्पोटिंग, आगामी कार्य आयोजना व अन्य महत्वपूर्ण निर्णय होते है। इस वर्ष जयपुर व उदयपुर मे तीन बैठके आयोजित की गई। जिसमें 172 संभागियों ने भाग लिया।



# केस स्टडी

1

## जागरुक होगे तभी रुक सकती है छेड़छाड़ –मांनकवर



### छेड़छाड़ पर हल्ला बोल......

मानकंवर निवासी दिल्लीपुरा तह0 सांगोद जिला कोटा की निवासी है, कई सालो से संगठन की सदस्य है, स्कूल तो कभी गई नही, लेकिन आत्मविश्वास मे पढ़े लिखे लोग उनके सामने फेल हो जाते है। उन्होंने सैंकडो महिलाओं को उनका अधिकार दिलवाने मे मदद की और हाल ही की घटना थी कि वह अपने रिश्तेदार के यहा कोटा से मण्डाना जा रही थी। उसी बस मे एक दादी पोती यात्रा कर रही थी। दादी के साथ 13–14 साल की बच्ची बैठी थी, जो लगातार रोये जा रही थी। मानकंवर ने दादी से पूछा कि यह क्यों रो रही है, उसने कहा कि ऐसे ही रो रही है। फिर मांनकवर ने प्यार से उस बच्ची से पूछा कि डरों मत मुझे बताओं की क्या हुआ। फिर बच्ची ने बताया कि सामने मोटा, काला सा आदमी बैठा है वह मुझे बहुत देर से घूर रहा है और गन्दे गन्दे इषारे कर रहा है, दादी डर के मारे कुछ बोल नही रही हैं। मांनकवर ने उस आदमी को देखा तो खूंखार सा लग रहा था, उन्होंने समझदारी दिखाते हुऐ चुपचाप आगे आने वाले थाने पर कॉल किया और पूरी बात बताई, आगे जाकर मण्डाना थाने वालो ने बस रुका ली और मांनकवर व बच्ची से पूरी बात पूछी उस आदमी को वही खूब मारा और थाने ले गये, और बस को रवाना किया। बस मै बैठे लोग आपस मे बात कर रहे थे कि बहुत होषियार औरत है, शक्ल से तो पढी लिखी नही लगती पर कमाल कर दिया।

2

## कही कोई आपके अकेलेपन का फायदा ना उठा ले......




**नहीं का मतलब केवल और केवल नहीं हैं,
यह बिल्कुल नहीं की, नहीं मे भी हॉ है.....**

जानकी बाई (बदला हुआ नाम) गांव मदार पंचायत –सकरावास प स–रेलमगरा जिलाराजसमंद की रहने वाली है, इसके पति की मृत्यु 4 साल पहले हुई इसके पति ने बेंक से 2,00000 (दो लाख) का लोन ले रखा था। ऐसा जानकी बाई को पता नही था, उनको पंचायत मे किसी आदमी ने बताया। जानकी बाई ने कार्यकर्ता पारस को बताया कि मुझे पंचायत वाले बार बार फोन करके परेषान कर रहे है, कि आपका लोन का पैसा जमा करवाओ, इस पर जानकी बाई ने उन्हे बताया कि मे बहुत गरीब एकल महिला हूॅ। मेरे पास पैसा नही है और मैं इतनी बड़ी राशि जमा नही करवा सकती। जो व्यक्ति जानकी बाई को फोन कर रहा था, उसी ने फिर कहा आप पैसा जमा नही

करवा सकते हो तो आप मेरे साथ कांकरोली घूमने चलो, ताकि मे आपका सारा पैसा माफ कर दुंगा, लेकिन जानकी बाई नही गई। और सारी बात संगठन कार्यकर्ता को बतायी। कार्यकर्ता ने सुझाव दिया कि जब भी अब आपके पास फोन आये तो आप उनको बोलना कि आपकी सारी बातचीत मैंने मेरे फोन मे रिकोर्ड कर रखी है और अब मैं थाने मे जाकर इसे देने वाली हुँ। जानकी बाई ने ऐसा ही किया। इससे वह आदमी जो पैसा मांग रहा था वह डर गया और कहने लगा कि नही नही आप 2 लाख मत जमा करवाना आपका लोन मैं माफ कर देता हूँ। ओर यह बात किसी को भी मत बताना। ऐसा लगता है कि वह एकल देखकर जानकी बाई को डरा धमका कर उनका फायदा उठाना चाहता था। इस जरा सी सोच समझ से जानकी बाई इस समस्या से बाहर आ गई। जिन बहिनो ने इस बारें मे सुना उन्होंने कहा कि आजकल हर कोई एकल महिला का फायदा उठाना चाहता है, लेकिन संगठन कार्यकर्ता की सूजभूज से समस्या का समाधान मिला। इसलिए संगठन से जुड़ना जरुरी है।

3

## एकल महिला लीडर्स द्वारा नरेगा मे भ्रष्टाचार पर हल्ला बोल की कार्यवाही

*''जाओं और मेरी शिकायत करो जिससे तुमको नरेगा में काम मिल जायेगा''*

- एकल महिला लीडर्स की शिकायत पर धोलपुर कलक्टर ने करवायी जॉच।
- 15 पंचायतो मे घोर अनियमितता व फर्जीवाडा पाये जाने पर 74 मेट ब्लेक लिस्टेड।

एकल महिला लीडर्स के प्रयास व शिकायत से विभिन्न ग्राम पंचायत के 74 मेटो को ब्लेक लिस्टेड किया गया। जॉच मे मननरेगा की विभिन्न कार्मिक की कडी को दोषी माना गया। जिसके तहत जिला कलेक्टर श्री निधी बीटी ने 17 सीसी का कार्यवाही नोटिस दिया। जिसमें जल संसाधन विभाग, कनिष्ठ अभियंता, नरेगा मैट, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत ग्राम विकास अंधिकारी, कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सहायक अभियंता नरेगा व विकास अधिकारी शामिल।

प्रेमवती बाई पंचायत नखसोदा तहसील बाडी जिला धौलपुर की रहने वाली 49 वर्षीय एकल विधवा महिला है। संगठन से 11 वर्षो से जुड़ी हुई। प्रेमवती के परिवार में 6 बच्चे व स्वयं है व थोडी बहुत खेती है इसके साथ ही रोजगार गारन्टी मननरेगा में भी कार्य करती है।

प्रेमवती के गांव मे अप्रेल माह में नरेगा का कार्य चल रहा था। जिसमे एकल महिलाओ को काम नही दिया जा रहा था, मिटिंग मे भी लगातार यह शिकायत आ रही थी कि 3 मिस्टोल फर्जी चल रही है। प्रेमवती जो एकल महिला लीडर है, उसने महिलाओ की समस्या को सुना तो वह मेट के पास गई, और कहा कि हम एकल महिलाओ को काम क्यों नही दे रहे हो ? यह सुनकर मेट बोला मै तुमको काम नही दूंगा, क्योकि तुम

ज्यादा नेतागिरी करती हो मेरी शिकायत पहले भी तुमने विकास अधिकारी से की थी। "अब जाओं और मेरी शिकायत करो जिससे तुमको नरेगा में काम मिल जायेगा"। प्रेमवती व एकल महिलाओं ने मिलकर निर्णय लिया की हम चुप नही बैठेगे अपना अधिकार लेकर रहेगे। और प्रेमवती अपने साथ 15 महिलाओं को लेकर विकास अधिकारी से मिलने गई।



बाडी तहसील की ग्राम पंचायत नखसोदा की 15 एकल महिलाये 8 मई 2024 को विकास अधिकारी के पास बाडी तहसील में गई तो वहां पर कहां गया की नरेगा में अभी आपको काम नही लगाया जायेगा। जब आपका नम्बर आयेगा तभी लगायेगे। प्रेमवती ने कहां की सर मेरे गांव में नरेगा में फर्जी हाजरी लग रही है, हमको तो काम की आवश्यकता है और मेट भी अपनी मनमानी कर रहा है। विकास अधिकारी ने उनकी बात को अनसुना कर दिया। यह सब सुनकार प्रेमवती परेशान हो गई। और सभी एकल महिलाओ को लेकर उसी दिन एसडीएम व जिला कलक्टर के पास चली गई। उन्होने उनकी बात को ध्यान से सुना व लिखित में लेकर तुरन्त कार्यवाही की गई।

संगठन की महिलाओं की शिकायत को लेकर एसडीएम व कलेक्टर ने मामले की जॉच करवायी 30 मई नरेगा के कार्य की अनियमितताओं को लेकर पूरा प्रशासन सख्त हुआ व कार्यवाही शुरु हुई। और महिलाओं को मिडिया मे आई न्यूज से पता चला कि – बाडी पंचायत समिति की 15 ग्राम पंचायतों के नरेगा के कार्य का जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार टीम ने निरीक्षण किया। जिसमें बड़ा फर्जीवाडा सामने आया घोर अनियमिताऐ और लापरवाही पायी गई। जिसके कारण विभिन्न ग्राम पंचायत के 74 मेटो को ब्लेक लिस्टेड किया गया। जॉच मे मननरेगा की विभिन्न कार्मिक की कडी को दोषी माना गया। जिसके तहत जिला कलेक्टर श्री निधी बीटी ने 17 सीसी का कार्यवाही नोटिस दिया। जिसमें जल संसाधन विभाग कनिष्ठ अभियंता, नरेगा मैट, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत ग्राम विकास अंधिकारी, कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सहायक अभियंता नरेगा व विकास अधिकारी को नोटिस दिया गया।

संगठन की ताकतः – नखसोदा पंचायत में लोगो ने संगठन की शक्ति को माना क्योकि उस समय नरेगा का कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया गया। जिससे लोगो को भी सबक मिले जिनकी फर्जी हाजरी चल रही थी। अगस्त में अभी पेड लगाने हेतु नरेगा 2 माह बाद चलाया गया है। जिसमें एकल महिलाओ को काम दिया गया। अब नया मेट बिल्कुल भी फर्जी हाजरी नही भर रहा है। संगठन की शिकायत पर हुई कार्यवाही पर जॉच होने के बाद आसपास के बाकि मेट भी सतर्क हो गये। और संगठन की महिलाओं को काम भी मिल रहा है। महिलाओं ने कहा कि संगठन से सब संभव है, संगठन हमारी जान है और मिलकर हम तूफान है।

# क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

## एकल महिला नेतृत्वकर्ताओं के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण




''सीखना है हमे उम्र भर साथियों, जिसने सीखा नही उसने जाना नहीं''

इस वर्ष 2024–25 मे सस्थान द्वारा एकल महिला ब्लाक नेतृत्वकर्ताओं, पंचायत स्तरीय नेतृत्वकर्ता, कार्यकारिणी सदस्यो के अलग–अलग मुद्दा आधारित क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किये गये। जिसमें पंचायत स्तर पर संगठनात्मक कार्य को मजबूत करने, एकल महिला के क्षमता विकास, बच्चो के साथ बाल यौन शोषण संरक्षण जागरुकता के लिए 7 प्रशिक्षण आयोजित किये गये जिसमें अलग–अलग स्तर पर *306* एकल महिला नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया।







# विशेष गतिविधियाँ

# बहिनादूज “जश्न बहिनचारे का” त्यौंहार हमारे मान सम्मान का साप्ताहिक आयोजन




जश्न बहिनचारें के अवसर पर सामा. न्याय अधिकारिता विभाग उपनिदेशक एकल महिलाओं को सम्मानित करते हुए

**ह**म सभी जानते है कि समाज मे पितृसत्तात्मक सोच के चलते हमेशा हर मंच पर और आमतोर पर एक जुमला बोला जाता है कि महिला ही महिला की दुश्मन है क्या करे ? हमारे समाज में खुशहाल जीवन व लम्बी उम्र की कामना के लिए जो भी व्रत उपवास बने है वह बेटे, पति, भाई आदि के लिए बने हुऐ है। लेकिन महिला का महिला के लिए चाहे वह बेटी, बहु, सास, मॉ किसी भी रिश्ते के रुप मे हो ऐसा कोई व्रत उपवास नही बना जो महिला– महिला की लम्बी उम्र व खुशहाली की कामना के लिए करे। और कभी ऐसा प्रयास भी नही किया गया कि महिला से महिला का रिश्ता मजबूत हो ऐसा कोई त्यौहार बना हो।




इसलिए एकल बहिनों ने मिलकर 2016 मे इस त्योहार की शुरुआत की यह पहले 3 साल राज्य स्तर पर मनाया गया। और अब एकल बहिनें अपने स्तर पर पंचायत, ब्लाक व जिला स्तर पर इस त्योहार को धूमधाम से मनाती है। इस कार्यक्रम की ड्रेस कोड




जश्न बहिनचारें के अवसर जागरुकता रैली आयोजन करती

लाल चुनरी या लाल साडी, सूट है। क्योंकि एकल विधवा महिलाओं के लिए समाज मे यह खासतोर पर प्रतिबन्ध है। इसलिए यह त्योहार सामाजिक कुरितियॉ तोड़ने के साथ –साथ एक दुसरे से प्यार, सोहार्द व बहिन –बहिन के रिश्ते को मजबूत करने का त्योहार है। और सभी धर्म, जाति, सुमदाय की महिलाऐं इससे जुड़ती है। यह त्योहार और महिलाओं का 26 साल का सफर उन लोगों के लिए एक करारा जवाब है जो कहते है कि महिला ही महिला की दुश्मन है,

**राजस्थान मे प्रत्येंक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5–10 नवम्बर, 2024 को एकल नारी शक्ति संस्थान कार्यक्षेत्र 29 जिलो के 92 ब्लाकों मे बहिनादूज जष्न बहिनचारें का धूमधाम से मनाया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के दोरान एकल महिलाओं ने जिला, ब्लाक, पंचायत स्तर पर रैली आयोजन, महिला मुद्दो पर संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व रक्षासूत्र बांधना, शपथ समारोंह आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें 3995 एकल महिला, जनप्रतिनिधी व अन्य सहयोगियों ने भाग लियां।**



**तेरा दर्द मेरा दर्द, दोनो एक जैसा है,**
**तेरा मेरा पाक रिश्ता गीता कुरान जैसा है...**
**जश्न बहिनचारें का प्रेम, सोहार्द व हमारें मान सम्मान का**

**कार्यक्रम आयोजन हेतू 93,380.00 रु का जनसहयोग व 98,875.00 रु का केश डोनेशन प्राप्त हुआ।**
**कई जिलो व ब्लाकों मे ब्लाक व जिला स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये व अलग–अलग विभागों से अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथियों ने भाग लिये।**

# 23 जून अन्तर्राष्ट्रीय विधवा दिवस

## (एकल महिला सशक्तिकरण दिवस के रुप मे मनाया गया)

**विधवा एकल महिलाओं की समाज व परिवार के विकास मे बराबर की भागीदारी है और जब वह एकल होती है तो समाज की और अधिक जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि उनको भावनात्मक सहयोग के साथ पूरा सम्मान भी दे और उनको उनके अधिकारों से वंचित ना करे। क्योंकि यह वह महिलाऐ है जो अपना पूरा जीवन अपने परिवार के लिए समर्पित कर देती है, और हमारे घर परिवार की नींव है..... तो यह दिवस हमे हमेशा याद दिलाता है कि हमें हमारे परिवार व समाज मे रहने वाली एकल महिलाओं को पूरा सम्मान देना चाहिए।**









**ए**कल महिलाओं ने राजस्थान मे 23 जून 2024 को होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय विधवा दिवस को 15–23 जून 2024 को राजस्थान मे एकल महिला सशक्तिकरण दिवसः के रुप मे मनाया। जिसमें मुख्य रूप से एकल महिलाओ द्वारा पंचायत स्तर पर बैठके, महिला मुद्दों पर चर्चा, समस्या समाधान व संगोष्ठियों का आयोजन किया गया साथ ही एकल महिलाओ की समस्याओ को लेकर बहनो ने इस दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी व प्रधानमंत्री के नाम 92 ब्लाक से 20000 से अधिक पोस्टकार्ड डाले जिसमें राशन का अनाज बढाने, पेंशन, आवास, रोजगार आदि समस्याऐं लिखकर भेजी गई।

प्रभाव – इसका यह प्रभाव हुआ कि जिन महिलाओं ने अपने नाम से पोस्टकार्ड डाले वहां से सरकारी विभाग से उनकी समस्या समाधान हेतू जवाब आये और सैंकडो महिलाओं की समस्या का समाधान भी हुआ। सरकार को एकल महिलाओं के मुद्दे समझने मे सहयोग मिला।

# बच्चों पर हो रही यौंन हिंसा, छेड़छाड के प्रति जागरुकता कार्यक्रम

## *माता पिता से कुछ ना छुपाना, घर आकर सब बात बताना*

- **बाल यौंन शोषण उत्पीड़न जागरुकरता कार्यक्रम मे जुड़े 1220 से अधिक बच्चें।**
- **बच्चों ने सीखा गुड टच बेड टच के बारे मे**
- **माता पिता व अध्यापकों को किया बाल यौनं शौषण के प्रति जागरुक**




14 नवम्बर 2024 से संस्थान के द्वारा बच्चों पर हो रही यौन हिंसा व छेड़छाड़ के प्रति जागरुक करने बचाव व सावधानी के लिए एकल महिला लीडर्स ने 8 जिलों के 25 ब्लाक की 25 पंचायतो मे बाल यौन शौषण उत्पीड़न से संरक्षण व रोकथाम के लिए बस्तियों, स्कुल, मे एकल महिला लीडर्स द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें 5 से 16 साल के 1220 लड़के व लड़कियों व अभिभावको व 39 आध्यापक/आध्यापिकाओं ने भाग लिया। बच्चों के द्वारा लैंगिक समानता पर गाने, कविता व स्पीच भी दी व पोस्टर के माध्यम से व रोल प्ले के माध्यम से गुड टच व बेड टच के बारें मे समझाया गया। माता पिता व अध्यापको ने कहा कि यह हमारें स्कूल मे पहली इस तरह की जानकारी दी जा रही है जो कि बहुत आवश्यक है। जब गुड टच बेड टच के बारें मे स्कुल मे बात कर रहे थे तो शुरुआत मे बच्चें इस चर्चा मे असहज महसूस कर रहे थे, लड़किया शरमा रही थी, लेकिन बाद मे धीरे धीरे व सहज हुए और हर बात को ध्यान से सुनने लगे। बैठको के दोरान माता पिता ने कहा कि आप तो बहुत अच्छा काम कर रहे हो, हमे तो अपने बच्चों से ऐसी बाते करते शर्म आती है। आप लोग आते रहा करो, ताकि हमारें बच्चे सुरक्षित रह सके, उन्हे जानकारी मिलती रहे।




**संस्थान द्वारा तैयार किये गये बाल यौंन उत्पीड़न जागरुकरता पोस्टर का विमोचन उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग उपनिदेशक व संस्था संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा**

# महिला किसान जागरुकता कार्यक्रम

**एकल नारी शक्ति संस्थान द्वारा पिछले 3 साल से महिला किसान जागरुकता कार्यक्रम का चलाया जा रहा है। जिसमें 9 ब्लाक की 18 ग्राम पंचायत मे जैविक खेती, देशी खाद् बनाना, किचन गार्डन व खेती को लेकर नये–नये प्रयोंग किये जा रहे है। इस कार्यक्रम मे 350 महिला किसान जुड़ी हुई है। जिन्होंने इस कार्यक्रम से जुडकर अपनी खेती मे कई परिवर्तन कर देशी उत्पादन व आय बढायी है। इस कार्यक्रम मे 70 प्रतिशत एकल महिला व 30 प्रतिशत अन्य महिला किसान जुड़ी हुई है।**




**समूहिक रुप से देशी खाद् बनाती महिला किसान, – अपने एक बीघा खेत मे जैविक खेती करती**

## इस वर्ष महिला किसान द्वारा किये गये कार्य की प्रगति रिर्पोट

| क्र. सं. | महिला किसान द्वारा किये गये कार्यो का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सामूहिक रुप से महिला किसान ने जीवामृत/देशी किटनाशक घोल बनाया। | 250 |
| 2. | महिला किसानों ने अपने खेत के कुछ हिस्से मे जैविक खेती शुरु की। | 85 |
| 3. | देशी खाद् बनाने की वाली महिलाओं की सख्यां | 120 |
| 4. | पोषण वाटिका लगायी | 47 |
| 5. | महिला किसान ने मिलकर सामूहिक रुप से पैसा एकत्रित कर कृषि मशीनरी खरीदी । | 40 |
| 6. | किसान महिलाऐ बीज सरंक्षण व शेयरिंग कर रही है | 80 |
| 7. | किचन गार्डन लगाये | 180 |

# महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र का संचालन

राजस्थान सरकार द्वारा 2011 मे महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र, कोटा शहर संचालित करने की जिम्मेदारी एकल नारी शक्ति संस्थान को दी गई है। संस्थान पिछले 15 सालो से केन्द्र का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। केन्द्र पर इस वर्ष 2024–25 मे 395 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनमे से 288 निष्पादित किये। 395 प्रकरणो मे उचित सलाह, परामर्श व मार्गदर्शन देकर समस्या का निदान करने का प्रयास किया गया। जिसमे से कुछ मुख्य रुप से कुछ आकड़े है –

| क्र.सं. | महिलाओं को दिलाई गई राहत /सहयोग का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | महिलाओ को स्त्रीधन दिलवाने मे सहयोग। | 17 |
| 2. | महिलाओं को उनके बच्चों की अभिरक्षणा/कस्टडी दिलवायी | 22 |
| 3. | एफआईआर व पुलिस परिवाद दर्ज करवाने मे सहयोग जिनमे समस्या आ रही थी। | |
| 4. | निराश्रित महिलाओं को आश्रय दिलवाया। | 3 |
| 5. | महिलाओं को वैवाहिक घर मे रहने के महिला अधिकारो का संरक्षण। | 174 |
| 6. | महिलाओ को विधिक सहायता दिलवायी। | 6 |
| 7. | महिला घरेलू हिंसा संरक्षण केस दायर करने मे सहयोग। | 2 |
| 8. | दहेज प्रकरण मामलों मे उचित कार्यवाही मे सहयोग। | 16 |
| 9. | हिंसा मुक्त समाज बनाने के लिए विचार संगोष्ठीयों कार्यषालाओं मे भाग लिया। | 16 |
| 10. | व्यथित महिला के संरक्षण हेतू सम्बन्धित व्यक्तियों पर पुलिस की पाबन्दी मे सहयोग। | 31 |
| 11. | कोर्ट से भरण पोषण आदेष प्राप्त करने मे सहयोग किया। | 1 |

अन्य विभिन्न प्रकार की समस्या मे सलाह, मार्गदर्षन व परामर्श के माध्यम से पिड़ित महिलाओं को सहयोग किया।



# पितृसत्तात्मक सोच को तोड़ती एकल महिलाऐं

## *बदलाव की मिशाल एकल नारी ....*

कई लोगो की व समाज की आम सोच है कि महिलाओं को तो चूल्हा चौका ही करना है, ज्यादा पढ़ लिखकर या घर से बाहर जाकर क्या करना है, कुछ कहते है कि ''पाका हान्डा गार कोनी लागे ''(मतलब : हर काम की एक उम्र होती है आधी उम्र मे क्या सीख सकते है) और कोई कहता है कि यह तो मर्दो के काम है।

लेकिन महिलाओं ने हर क्षेत्र मे अपने आपको साबित किया है व समाज की सोच को मिथ साबित किया क्योंकि महिलाओं ने वह सब करके बताया है, जिन पर शुरु से पुरुषों का अधिकार था, और कहा जाता था कि यह तो पुरुषों के काम है।

ऐसे ही यदि एक उम्र के बाद या पुरानी रुढ़ीवादी, पितृसत्तात्मक सोच को तोड़ते हुए एकल महिलाऐं आगे बढती है तो देखने वाले कहते है कि वाह क्या बात है भाई ...''जनानी तो मर्दानी हो रही है'। ऐसी कुछ बहिनों के अनुभव साझा कर रहे है। –

- **नक्की बाई, झाडोल, जिला उदयपुर** : कहा जाता है कि महिलाऐ खेत मे हल नही चला सकती, लेकिन पति की मृत्यु के बाद नक्की बाई ने उस परम्परा को तोड़ते हुए अपने खेत मे खुद हल चलाया, क्योंकि खेत मे ट्रेक्टर नही जा सकता था। और आजिविका का खेती ही एक मात्र साधन था, और बच्चों का पालन पोषण भी करना था, तो नक्की बाई 15 साल से स्वयं हल चला कर खेती कर रही है। शुरुआत मे कुछ लोग ताना मारते थे, लेकिन अब लोग बोल रहे है। ''यह तो नारी नही नर है'' उनके गांव मे वह अकेली हल चलाती है।





- **लहरो देवी, बायतु, जिला बाड़मेंर** : लहरो देवी 54 साल की परित्यकता एकल महिला है,
लहरो देवी के तीन लडकिया हुई तो पति ने दूसरी शादी कर ली उसके बाद लहरो देवी ने सन्यास लेकर ब्रम्हाकुमारी मे जुड़ी, व अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ जुड़कर सामाजिक कार्यकर्ता के रुप मे महिलाओं के लिए कार्य किया। लेकिन कहते है कि शोक बड़ी चीज है। लहरो देवी को शुरु से ही गाड़ी (फोर व्हीलर) का बहुत

शोक था। उन्होंने 15–16 साल पहले 15 दिन के लिए एक लड़का रखा जिससें गाड़ी चलाना सीखा। अब लहरों देवी, सब तरह की गाड़ी चलाती है, और लोग बोलते है वाह...क्या बात है।

- **रुपा देवी, लोहावद, जिला फलौदी** :

उम्र 29 साल उनके पति की मृत्यु के बाद वह खुद खेती करती है और खेती के दोरान ट्रेक्टर चलाने की आवष्यकता पड़ी, और रुपा देवी ने खुद ट्रेक्टर चलाना सीखा। गांव के लोग आष्चर्य से देखते है रुपा को और बोलते है कमाल है भाई !




- **पवनी देवी, पिण्डवाडा ब्लाक, जिला सिरोही** –

पवनी देवी की उम्र लगभग 35 वर्ष है, घर मे आये आर्थिक संकट के दोरान कई जगह छोटे मोटे रोजगार के कार्य किये लेकिन घर खर्च चलाना बहुत मुष्किल हो रहा था। फिर उनके पास कुछ बचत थी उससे पुराना आटो खरीदा और गांव मे चालू किया। जिससे कई पुरुष ऑटो वालो ने इसका विरोध किया व पवनी को परेषान भी किया। क्योंकि उनके धन्धे थोडी कमी आ गई थी। लेकिन पवनी ने हार नही मानी, और ट्राफिक पुलिस को भी षिकायत की उन्होंने पुरुष ऑटो वालो को पाबन्द किया कि वह पवनी का बिल्कुल परेषान नही करे वरना उन पर कार्यवाही करेगे। और पवनी को देखकर कई लड़किया अब गांव मे ऑटो चालक बन गई। पवनी कहती है कि मुझे संगठन से हमेषा शक्ति मिलती है, अकेला महसूस नही होता।



**"हम भी छूना चाहते है आकाश, हमें है एक मौके की तलाश"**

# Structure of Organization of Strong Women Alone
# Ekal Nari Shakti Sansthan (Registered)



# संस्थान का प्रशासन व क्रियान्वयन –

एकल नारी शक्ति संस्थान का कार्य मुख्य रुप से स्वयं एकल महिलाओं द्वारा संचालित व क्रियान्वयन किया जाता है। अनुभवी एकल महिला लीडर्स इसमे पूर्ण भागीदारी निभाते है। चाहे वह बोर्ड मेम्बर हो या पंचायत की एकल महिला लीडर हर स्तर पर एकल महिलाओं की निर्णयों मे भागीदारी होती है। अनुभवी एकल महिला नेतृत्व द्वारा पंचायत स्तर पर कार्य शुरु किया जाता है, पुरानी अनुभवी लीडर्स नये नेतृत्व को प्रशिक्षण व मार्गदर्शन देती है व आगे से आगे नये नेतृत्व तैयार किया जाता है।

**राजस्थान मे मुख्य रुप से 3 कलस्टरो मे कार्य हो रहा है – कोटा, उदयपुर और जोधपुर** तीन भागो मे विभाजित है। और प्रत्येक कलस्टर मे एक फुल टाईम सहयोगी टीम सदस्य कार्यरत है।

## संस्थान मे सक्रिय नेतृत्व की संख्या व क्रियान्वयन टीम

| क्र.सं. | एकल महिला नेतृत्व का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय एकल महिला नेतृत्व (वोलियन्टरी) | 70 |
| 2. | एकल महिला ब्लाक फेसिलिटेटर्स (पार्ट टाईम) | 82 |
| 3. | ब्लाक व पंचायत स्तर पर एकल महिला नेतृत्व | 2300 + |
| | | 2452 कुल |

## प्रशासनिक क्रियान्वयन

- **फुल टाईम प्रशासनिक टीम**– कार्यो के समन्वय हेतू 8 सदस्यो की टीम कार्यरत् है, जिसका नेतृत्व समन्वयक निदेशक द्वारा किया जाता है। यह टीम क्षेत्रीय एकल महिला नेतृत्व को सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।
- इसके अलावा संस्थान मे एक लेखाकार और समय –समय पर आवश्यक विषय विशेषज्ञ जुड़ते रहते है, जो महिलाओं के भूमि अधिकार, महिला किसान मुद्दों तथा दस्तावेजीकरण जैसे विषय विषयों पर कार्य करते है।

- **ब्लाक फेसिलिटेटर्स** – संस्थान मे 82 एकल महिला ब्लाक फेसिलिटेटर्स है, जो कि संस्थान कार्यक्षेत्र 92 ब्लाक मे एकल महिलाओं के साथ उनकी समस्या समाधान पर कार्य कर रहे है। उनके द्वारा प्रतिमाह अपने ब्लाक की 5 पंचायतो मे एकल महिला बैठक आयोजित करना व एकजुट करके समास्या का समाधान करना है।

  ब्लाक फेसिलिटेटर्स की प्रतिमाह कलस्टर वाईज तीन मासिक बैठक आयोजित की जाती है। जिसमे आगामी आयोजना बनाना, माह की कार्य रिर्पोट प्रस्तुती, चुनौति व समस्या समाधान व अनुभव साझा करना।



# उपलब्धियॉ

| क्र. सं. | उपलब्धि विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एकल महिला सदस्यता का विस्तार हुआ | 5238 सदस्यता |
| 2. | एकल महिला नेतृत्वकर्ताओं ने अपने स्तर पर बहिनादूज, अर्न्तराष्ट्रीय विधवा दिवस, महिला किसान दिवस का अपने स्तर पर पंचायत, ब्लाक व जिला स्तर पर आयोजन किया। एकल महिलाओं ने भाग लिया। | 20200 संभागी |
| 3. | एकल महिला नेतृत्वकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर सहयोग के रुप मे व केश चन्दा एकत्रित किया। | काईन्ड डोनेशन 1,40,350.00 केश डोनेशन 2,47,113.00 |
| 4. | हर स्तर पर द्वितीय लाईन लीडरशीप को आगे लाने के प्रयास हुऐ। जिसमें नये ब्लाक लीडर्स निकल कर आये। | 18 नये लीडर्स की पहचान की गईं |
| 5. | एकल महिला व वंचित समुदाय को विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योंजना व रोजगार से जोड़ने व लाभ दिलवाने मे सहयोग किया। | 6675 लाभार्थी |
| 6. | एकल महिला हिंसा, अत्याचार के केसो मे महिलाओं को न्याय/राहत दिलवाने मे सहयोग किया। | 102 |
| 7. | एकल महिलाओं को उनके ससुराल पीहर से या किसी ने उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा था, उस भूमि पर अधिकार दिलवाने मे सहयोग किया। | 80 |
| 8. | एकल महिलाओं ने विधवा एकल महिलाओं से जुड़ी कुप्रथाओं/कुरितियो का विरोध किया व शुभ कार्यो मे भाग लेकर व रस्म रिवाज निभाया कर इन प्रतिबन्धों को तोड़ा। | 2299 |

नोट – उपर दी गई निम्नलिखित उपलब्धियॉ संख्या मे है लेकिन इसके अलावा जो एकल महिलाओं मे साहस, शक्ति व प्रशिक्षणों के माध्यम व एक्पोजर के माध्यम से काफी क्षमतावर्धन हुआ है। जिससे उनके जीवन मे काफी बदलाव आया है, संस्था का निरन्तर प्रयास है एकल महिलाओं को मुख्य धारा मे लाना व उनमे लीडरशीप पैदा करना। इस निरन्तर प्रयास से प्रतिवर्ष सैंकडो महिला लीडर्स तैयार होती है व एकल नारी संस्था के साथ–साथ अन्य संस्था/संगठनों मे भी कार्य कर रही हैं। और बडे स्तर पर बदलाव की प्रक्रिया मे शामिल है।

# जिला स्तर पर प्रशासन द्वारा एकल नारी सम्मान

## गणतन्त्र दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान

26 जनवरी 2025 को जिला प्रशासन कोटा द्वारा एकल नारी शक्ति संस्थान को जिला स्तर पर महिला सशक्तिकरण पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतू राजस्थान सरकार माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर कोटा द्वारा संस्थान निदेशक चन्द्रकला शर्मा को सम्मानित किया गया।



## नारी शक्ति सम्मान 2025, भरतपुर

श्री कल्याण फाउण्डेशन व दैनिक भास्कर, भरतपुर की अभिनव पहल पर बयाना मे नारी शक्ति सम्मान 2025 की पहल की गई। जिसमें भरतपुर जिले की 52 सशक्त महिला व बेटीयों को यह सम्मान दिया गया। जिसमें एकल नारी शक्ति संस्थान की बयाना कार्यकर्ता फूलवती सैनी को जिले मे एकल महिलाओं के सषक्तिकरण के कार्य हेतू जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।




## मॉ पन्नाधाय सम्मान – 2025 कोटा

एकल नारी शक्ति संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र, कोटा शहर पर 14 वर्षो से केन्द्र पर आने वाली पिड़ित महिलाओं को सहयोग, मार्गदर्शन व न्याय दिलवाने मे उत्कृष्ट कार्य व काउन्सलिंग के लिए 8 मार्च 2025 को अर्न्तराष्ट्रिय महिला दिवस पर परामर्शदात्री उमा सिंह झाला को मॉ पन्नाधाय सम्मान– 2025 प्रदान किया गया।



# WORK DETA COLLECTION: वार्षिक कार्य के आंकडे

## APRIL 2024 TO MARCH 2025

**INTERACTION WITH SINGLE WOMEN NEW AND OLD MEMBERS - 21596**

**OTHER WOMEN –4536 MEN - 1189**

**OFFICIALS AND ELECTED REPRESENTATIVES –360**

| S.r. no. क्र.सं. | **Questions प्रश्न** | **Kind of Benefit Which the Association of Strong Women Alone Helped the Single Women to Access लाभ के प्रकार जिनसे संस्थान की एकल महिला लीडर्स ने मदद/सहयोग किया** | **Numbers संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | How many Pension Forms were filled? कितनी एकल महिलाओं के पेंशन फार्म भरे? | Widows (विधवा) | 1303 |
| | | Old Age Persons (वृद्व) | 592 |
| | | Separated Women(परित्यकता) | 127 |
| | | Handicapped / Differently Abled(दिव्यांग) | 134 |
| | | | |
| 2 | How many Pension Forms were Sanctioned? कितनी एकल महिलाओं के पेंशन फार्म स्वीकृत हुऐ ? | Widows (विधवा) | 657 |
| | | Old Age Persons (वृद्व) | 330 |
| | | Separated Women (परित्यकता) | 59 |
| | | Handicapped / Differently Abled (दिव्यांग) | 70 |
| | | | |
| 3 | How many Pension Forms that were Stopped or "Stuck Up", Started Again? कितनी रुकी पेंशन चालू करवायी ? | Widows (विधवा) | 1477 |
| | | Old Age Person (वृद्व) | 647 |
| | | Separated Women (परित्यकता) | 76 |
| | | Handicapped / Differently Abled (दिव्यांग) | 10 |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | How Many Single Women Members of the Association of Strong Women Alone were Helped to Apply For and Access Government Program and Scheme Benefits.<br><br>मजबूत महिलाओं की संस्थान द्वारा कितनी एकल महिलाओं को सरकारी योजनाओं के आवेदन करने व लाभ प्राप्त करने मे मदद मिली ? | Filled Form for Daughter of Widow Marriage Expenses Grant<br><br>**विधवा की पुत्री विवाह अनुदान योजना मे फार्म भरने मे सहयोग किया।** | 124 |
| | | Sanctioned स्वीकृत | 32 |
| | | Application apply to Add Name to B.P.L. List<br><br>**बीपीएल सूची मे नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करवाया ?** | - |
| | | Sanctioned स्वीकृत | - |
| | | Getting Ration / Grain from Ration Shop<br><br>**राशन की दुकान से राशन प्राप्त करने मे सहयोग किया ?** | 301 |
| | | Getting Employment / Work<br><br>**नरेगा मे आवेदन प्राप्त करने मे सहयोग किया ?** | 1390 |
| | | Getting NREGA Job Card Made<br><br>**नरेगा मे जॉबकार्ड बनाने मे सहयोग किया ?** | 335 |
| | | Filling Form for PM*AawasYojana* (Housing) Grant<br><br>**प्रधानमंत्री आवास योजना मे मकान के लिए आवेदन करवाने मे सहयोग ?** | 738 |
| | | Sanctioned स्वीकृत | 184 |
| | | Getting Health Benefits<br>**स्वास्थय लाभ दिलवाने मे सहयोग** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 1. Getting Free Medicines<br>मेडिसिन दिलवाने मे सहयोग<br><br>2. Helped in Getting Operation आपरेशन मे सहयोग | 4297<br><br>227 |
| | | | |
| 5 | The Association Leaders and Members Helped Members to Make the Following Certificates –<br><br>**संस्थान एकल महिला कार्यकर्ता द्वारा प्रमाणपत्र बनाने मे सहयोग किया ?** | Death Certificate (needed for widow pension)<br><br>मृत्यु प्रमाण पत्र (विधवा पेंशन मे आवष्यक होता है) | 194 |
| | | *MoolNiwasi* (Residence Proof) Certificate<br><br>मूल निवासी प्रमाण पत्र | 124 |
| | | Making Caste Certificate<br>जाति प्रमाण पत्र | 79 |
| | | Annual Income Certificate<br>आय प्रमाण पत्र | 155 |
| | | Marriage Certificate<br><br>विवाह प्रमाण पत्र (बेटी की शादी मे फार्म का आवेदन हेतू आवश्यक) | 87 |
| | | Birth Certificate जन्म प्रमाण पत्र | 125 |
| | | | |
| 6 | Helped with Accessing Rural Development Services and Benefits<br><br>ग्रामीण विकास सेंवाओ और लाभों तक पहुॅच प्राप्त करने मे सहायता मे सहयोग ? | Helped to Get a Handpump Installed in the Village<br>गांव मे हेडपम्प लगाने मे सहयोग | 57 |
| | | Getting a village road made, with stones, to allow vehicles to come and go<br>गांव में वाहनो की आवाजाही सुनिश्चित करने हेतू पक्की सड़क निर्माण करवानें के प्रस्ताव मे सहयोग व सहायता की। | 30 |
| | | Electricity Connection<br>बिजली कनेक्शन करवाने मे सहयोग | 98 |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | How Many Single Women Were Given Guidance and Information?<br>कितनी एकल महिलाओं को जानकारी व मार्गदर्शन दिया ? | | 5982 |
| 8 | How Many Cases Requiring Counseling Came?<br>समझाईश के कितने केस आये ? | | 103 |
| 8 | How Many Counseling Cases Resulted in a Successful Conclusion?<br>कितने केसो मे समझाईश का सफल निष्कर्ष निकला ? | | 66 |
| 9 | How Many Cases of Atrocities or Violence Against Single Women Came to the Association for Help?<br><br>एकल महिलाओं के विरुद्व अत्याचार या हिंसा के कितने मामले संस्थान के पास सहयोग के लिए आये? | Physical Atrocities / Violence<br><br>**शारिरीक अत्याचार/हिंसा** | 66 |
| | | Mental Atrocities / Violence<br><br>**मानसिक अत्याचार /हिंसा** | 36 |
| | | Sexual Violence<br><br>**यौनिक हिंसा** | 2 |
| 10 | How Many Cases of Violence Against Single Women Were Solved?<br><br>महिला हिसा के कितने केसमे समाधान/सफल हुऐ? | Physical Atrocities / Violence<br>**शारिरीक अत्याचार/हिंसा** | 25 |
| | | Mental Atrocities / Violence<br>**मानसिक अत्याचार /हिंसा** | 10 |
| | | Sexual Violence<br>**यौनिक हिंसा** | 1 |
| 11 | How Many Land-Related Cases Came to the Association for Help?<br><br>संस्थान मे सहयोग के लिए कितने जमीन के केस आये? | Division of Land Ownership in the Land Records (*Bantwara*)<br><br>**भूमि अभिलेखो मे भूमि स्वामित्व का विभाजन (बंटवारा)** | 80 |
| | | Illegal Possession by Another Person on Land Owned by a Single Woman | 30 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | एकल महिला की भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति का अवैध कब्जा | |
| 12 | How Many Land-Related Cases Were Solved in Favour of the Single Women?<br><br>एकल महिलाओं के फेवर मे कितने केसों मे समाधान हुआ ? | Division of Land Ownership in the Land Records (*Bantwara*)<br><br>भूमि अभिलेखो मे भूमि स्वामित्व का विभाजन (बंटवारा) | 21 |
| | | Illegal Possession by Another Person on Land Owned by a Single Woman<br><br>भूमि अभिलेखो मे भूमि स्वामित्व का विभाजन (बंटवारा) | 8 |
| | | Others अन्य | |
| 13 | How Many Cases of Transferring the Ownership Name of Land Previously Owned by the Deceased Husband, was Done in Favour of the Widow – in the land records of the *Patwari*/ Revenue Clerk—*Intqal Kholna*?<br>**कितने केसो मे पति की मृत्यु के पश्चात पति की स्वामित्व वाली भूमि मे विधवा महिला के नाम भूमि हस्तान्तरित करवाने हेतू पटवारी व कलर्क के पास गये व इन्तकाल खाता खुलवाने मे सहयोग किया?** | | 51 |
| 14 | How Many Police Cases Were Filed?<br>कितने पुलिस केस दर्ज करवाने मे सहयोग किया ? | Atrocities on Single Women<br>एकल महिला पर अत्याचार के दर्ज | 29 |
| | | Land Related Cases Filed<br>भूमि सम्बन्धित केस दर्ज | 13 |
| | | Others अन्य | |
| | | | |
| 15 | How Many Police Case Solved new and old?<br>कितने पुलिस केस सुलझाये गये नये व पुराने ? | Atrocities on Single Women<br><br>महिला पर अत्याचार | 01 |
| | | Land Related Cases Filed<br><br>जमीन सम्बन्धित केस | 0 |
| | | Others (अन्य) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | How Many Single Women, With the Support of the Association of Strong Women Alone, Broke the Cruel Caste and Community Customs and Brought Change in Their Lives?<br><br>कितनी एकल महिलाओं ने संस्थान से जुड़कर एकल महिलाओं से जुड़ी क्रुर प्रथाओं व कुरितियों को तोड़ा और अपने जीवन मे बदलाव किया ? | Single Women Started Attending Functions, and Doing Things that Customs prevented them from Doing Before they Had the Support of the Association<br><br>**एकल महिलाऐं अब शुभ समारोंह आयोजनों मे भाग ले रही है और वह कार्य कर रही है जिसे करने के लिए समाज एकल महिलाओ को स्वीकृति नही देता व संस्थान इसमे उनको सहयोग कर रहा है।** | 2299 |
| 16 | How many women farmers were given free fertilizer and seeds?<br>कितनी महिला किसानों को निशुल्क खाद व बीज दिलवाने मे सहयोग किया? | | 519 |

## चुनौतियाँ

- इण्डियन फण्डिगं व डोनर पहचान, अप्रोच संस्था के लिए बड़ी चुनौति है
- द्वितीय लाइन लीडरशीप व कार्यकर्ताओं का ठहराव/स्थायित्व।
- विस्तृत कार्यक्षेत्र, बजट के अभाव मे पूर्ण कालिक कार्यकर्ता की कमी।
- ब्लाक फेसिलिटेटर्स का कम पढा लिखा होना या पढा लिखा नही होने की स्थिति मे काम/डेटा दस्वावेजीकरण करना।
- संस्था मे टेक्नीकल लोगो का अभाव।

**Ekal Nari Shakti Sansthan**
**39, Kharol Colony, Udaipur ( Rajasthan )**

**Notes to Balance Sheet as on 31st March 2025 and Income & Expenditure Account foe the year ended on that date**

| Particulars | | Amount |
|---|---|---|
| **Note 4 : Sundry Recoverables** | | |
| TDS Recoverable | 49633.00 | |
| Advance to Workers | 23321.00 | |
| Mahila Adhikarita Vibhag, Govt. of Raj. Kota | 71131.80 | |
| | 144085.80 | |
| **Note 5 : Cash and Bank Balances** | | |
| Cash In hand | 42095.00 | |
| Cash In hand-APPI | - | |
| Union Bank Of India 65090 | 1776940.41 | |
| Union Bank Of India 7436 | - | |
| Union Bank of India (8411) | 508938.33 | |
| Union Bank of India FFD | 780000.00 | |
| | 3107973.74 | |
| **Note 6 : ENSS Income** | | |
| Interest from Saving bank | 57767.00 | |
| Membership Fee | 128873.00 | |
| Donation Received | 118240.00 | |
| Other Income | 2000.00 | |
| Interest on Income Tax Refund | 2690.00 | |
| Interest on Bank FDs | 236924.00 | |
| | 546494.00 | |
| **Note 7 : ENSS Expenditure** | | |
| Audit Fee | 4130.00 | |
| Office & Administration Exp. | 94421.00 | |
| Bank Commission | 1212.41 | |
| Office Rent | 7490.00 | |
| Professional & Legal Fee | 4248.00 | |
| Bahinadooj Celebration Exp. | 9985.00 | |
| Training/Meeting/Workshop | 8777.57 | |
| Travelling Expenses | 19863.70 | |
| State Coordinator Salary | 38220.00 | |
| Single Women Forum Membership | 500.00 | |
| | 188847.68 | |

COORDINATING DIRECTOR
EKAL NARI SHAKTI SANSTHAN
RAJASTHAN

सचिव
एकल नारी शक्ति संस्थान
राजस्थान

**Ekal Nari Shakti Sansthan**
**39, Kharol Colony, Udaipur ( Rajasthan )**

**Receipts and Payments Account For the Year ended on 31st March 2025**

| Receipts | | Amount |
|---|---|---|
| **Opening Balance** | | |
| Cash In hand | 42570.00 | |
| Cash In hand-APPI | 305.80 | |
| Union Bank Of India 65090 | 1181188.43 | |
| Union Bank Of India 7436 | - | |
| Union Bank of India (8411) | 489923.21 | |
| Union Bank of India FFD | 570000.00 | 2283987.44 |
| **Project Grants** | | |
| MSSK,. Kota City | 413610.00 | |
| Azim Prem Ji Philanthropic Intiative Pvt. Ltd. | 2945459.00 | |
| Mariwala Philanthropy Initiative | 300000.00 | |
| Impact Foundation of india | 1000000.00 | 4659069.00 |
| **ENSS Income** | | |
| Interest from Saving bank | 57767.00 | |
| Membership Fee | 128873.00 | |
| Donation Received | 118240.00 | |
| Other Income | 2000.00 | |
| Interest on Income Tax Refund | 2690.00 | |
| Interest on Bank FDs- APPI | 60843.00 | |
| Interest on Bank FDs | 236924.00 | 607337.00 |
| **Other Receipts** | | |
| Sundry Payables | 17265.00 | |
| TDS Refund | 5041.00 | |
| TDS Payable | 685.00 | |
| Advance Recovered | 11358.00 | 34349.00 |
| | | **7584742.44** |

**Contd...**

COORDINATING DIRECTOR
EKAL NARI SHAKTI SANSTHAN
RAJASTHAN

सचिव
एकल नारी शक्ति संस्थान
राजस्थान

**Ekal Nari Shakti Sansthan**
**39, Kharol Colony, Udaipur ( Rajasthan )**

**Receipts and Payments Account For the Year ended on 31st March 2025**

| Receipts | | Amount |
|---|---|---|
| **Project Expenditure** | | |
| MSSK,. Kota City | 436517.00 | |
| Azim Prem Ji Philanthropic Intiative Pvt. Ltd. | 2783548.68 | |
| Mariwala Philanthropy Initiative | 93865.00 | |
| Impact Foundation of india | 567330.34 | 3881261.02 |
| **ENSS Expenses** | | |
| Audit Fee | 4130.00 | |
| Office & Administration Exp. | 94421.00 | |
| Bank Commission | 1212.41 | |
| Office Rent | 7490.00 | |
| Professional & Legal Fee | 4248.00 | |
| Bahinadooj Celebration Exp. | 9985.00 | |
| Training/Meeting/Workshop | 8777.57 | |
| Travelling Expenses | 19863.70 | |
| State Coordinator Salary | 38220.00 | |
| Single Women Forum Membership | 500.00 | 188847.68 |
| Investment in Fixed Deposit | | 406660.00 |
| **Closing Balance** | | |
| Cash In hand | 42095.00 | |
| Cash In hand-APPI | - | |
| Union Bank Of India 65090 | 1776940.41 | |
| Union Bank Of India 7436 | - | |
| Union Bank of India (8411) | 508938.33 | |
| Union Bank of India FFD | 780000.00 | 3107973.74 |
| | | **7584742.44** |

Form Ekal Nari Shakti Sansthan

Coordinating Director          Secretary

Place: Udaipur
Date: 02 OCT 2025

सचिव
एकल नारी शक्ति संस्थान
राजस्थान

As per Our Report of Even Date Attached
For V. C. Vyas & Associates
Firm Reg. No.04183 C
Chartered Accountants

V. C. Vyas
Partner
M. No.9859

COORDINATING DIRECTOR
EKAL NARI SHAKTI SANSTHAN
RAJASTHAN

## हमारे दानदाता /फण्डर्स

- महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
- अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन।
- इम्पेक्ट फाउण्डेशन आफ इण्डिया।
- मारिवाला फिलोन्थ्रोपी इनेसियटिव।
- व्यक्तिगत दानदाता।
- स्थानीय दानदाता।
- एकल महिलाऐं ।

# एकल नारी शक्ति संस्थान –कार्यक्षेत्र सूची (जिला व ब्लाक)

| क्र. सं. | जिला | ब्लाक |
|---|---|---|
| 1. | झालावाड | 1. बकानी |
| | | 2. सुनेल |
| | | 3. म0थाना |
| | | 4. अकलेरा |
| | | 5. झा0पाटन |
| 2. | दौसा | 6. नेजरना |
| 3. | कोटा | 7. कनवास |
| | | 8. ईटावा |
| | | 9. सांगोद |
| | | 10. खैराबाद |
| | | 11. सुल्तानपुर |
| | | 12. कोटा शहर |
| 4 | धोलपुर | 13. बाडी |
| | | 14. बसेडी |
| 5. | बून्दी | 15. हिण्डोली |
| | | 16. नैनवा |
| | | 17. के0पाटन |
| 6. | टोक | 18. टोक शहर |
| | | 19. निवाई |
| | | 20. उनियारा |
| 7. | बांरा | 21. छबडा |
| | | 22. बांरा |
| | | 23. अटरु |
| | | 24. मांगरोल |
| | | 25. शाहबाद |
| | | 26. किशनगंज |
| 8. | भरतपुर | 27. भरतपुर |
| | | 28. बयाना |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | स0माधोपुर | 29. गंगापुरसिटी |
| | | 30. स0माधोपुर |
| 10. | करोली | 31. करोली |
| | | 32. हिण्डोन |
| | | 33. सपोटरा |
| 11. | भीलवाडा | 34. बिजोलिया |
| | | 35. शाहपुरा |
| | | 36. जहाजपुर |
| | | 37. बन्देडा |
| | | 38. माण्डलगढ |
| 12. | सीकर | 39. श्रीमाधोपुर |
| | | 40. खण्डेला |
| 13. | झूंझूनु | 41. नवलगढ |
| 14. | उदयपुर | 42. झाडोल |
| | | 43. देवला |
| | | 44. कोटडा |
| | | 45. गिर्वा,पडुणा |
| | | 46. गिर्वा, पई |
| | | 47. फलासिया |
| | | 48. केसरियाजी |
| 15. | सलूम्बर | 49. सलूम्बर |
| | | 50. सराडा |
| | | 51. सेमारी |
| 16. | बांसवाडा | 52. आनन्दपुरी |
| | | 53. कुशलगढ |
| | | 54. अरथुना |
| | | 55. तलवाडा |
| 17. | डूंगरपुर | 56. बिच्छीवाडा |
| | | 57. आसपुर |
| | | 58. गलियाकोट |
| | | 59. चिखली |

| | | |
|---|---|---|
| **18.** | राजसमन्द | 60. रेलमगरा |
| | | 61. राजसमन्द |
| | | 62. देलवाडा |
| | | 63. खमनोर |
| | | 64. केलवाडा |
| | | 65. आमेट |
| **19.** | सिरोही | 66. पिण्डवाड़ा |
| | | 67. आबुरोड |
| **20.** | जालोर | 68. आहोर |
| **21.** | बाड़मेर | 69. चौहट्न |
| | | 70. बाडमेर |
| **22.** | जोधपुर | 71. मण्डोर |
| **23.** | बालोतरा | 72. बायतु |
| **24.** | फलौदी | 73. लोहावट |
| | | 74. फलौदी |
| | | 75. बापनी |
| **25.** | डीडवाना | 76. लाडनु |
| | | 77. पर्बतसर |
| **26.** | पाली | 78. सोजत |
| | | 79. मा0जक्शन |
| **27.** | ब्यावर | 80. रायपुर |
| | | 81 जेतारण |
| | | 82. जवाजा |
| | | 83. मसुदा |
| | | 84. ब्यावर |
| **28.** | अजमेर | 85. पुष्करटाउन |
| | | 86. पींसगन |
| | | 87. अजमेर सिटी |
| | | 88. अराई |
| | | 89. किशनगढ |
| **29.** | प्रतापगढ | 90. धरियावद |
| | | 91. प्रतापगढ |
| | | 92. पीपलखूट |

